FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2026

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0036 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 08/02/2026 12:03 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7
2	भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023	61(2)

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 26/12/2025 **Date To (दिनांक तक):** 05/02/2026

Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 14:00 बजे **Time To (समय तक):** 13:45 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 08/02/2026 **Time (समय):** 11:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 08/02/2026 12:03:37 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** WEST, 350 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b) **Address(पता):** GRAM PANCHAYAT SHINPUR, PANCHAYAT SAMATI KAPASAN, JILA CHITTORGARH

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

Name of P.S (थाना का नाम): **District(State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** NARENDRA KUMAR DADHICH URF KALU

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** KAILASH CHAND JI

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1993 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	SHINPUR, KAPASAN, CHITTORGARH, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	SHINPUR, KAPASAN, CHITTORGARH, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	PARASRAM		पिता:RAMCHANDRA	1. UPARLAWAS RAMRAWAS KLAN,KHERAPA,JODHPUR RURAL,RAJASTHAN,INDIA
2	BABU LAL SHARMA		पिता:MITHU LAL SHARMA	1. HINGORIYA,KAPASAN,KAPASAN,CHITTORGARH,RAJASTHAN,

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये	70000 रूपये भारतीय	2,10,000.00

1	सिक्के और मुद्रा	रुपये	चलन मुद्रा के नोट व 140000 रूपये का चैक संख्या 200060	2,10,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 2,10,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

सेवामें, अतिरिक्त पुलिस अधिकक्षक महोदय ACB चित्तौडगढ़ विषय - कानूनी कारवाई करने बाबत महोदयजी, निवेदन है कि मै नरेन्द्र कुमार दाधीच s/o कैलाश चन्द्रजी निवासी सिंहपुर त-कपासन जिला चित्तौडगढ़ मेरी एक फर्म K.K. CONSTRUCTION नाम से है जो कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यो में मटेरियल सप्लाई का कार्य करते है। मेरा ग्राम पंचायत सिंहपुर में मटेरियल सप्लाई का कार्य है मैने मेरी फर्म के 7 बील माह मई व जुन 2025 के लगभग 1280000 रूपय के भुगतान हेतु ग्राम पंचायत सिंहपुर में प्रस्तुत किए जिन बिलो का भुगतान करने हेतु ऑनलाई फिड नही किया गया है। यह कार्य नरेगा के अनतगर्त आदर्श श्मशान घाट खारोलो की झुपडीया के है जो कि ग्राम पंचायत सिंहपुर के अधिन आते है। इन बिलो की फिडीग के लिए मै कई बार ग्राम पंचायत के सचिव श्री पारस राम विश्नोई व L.D.C बाबुलाल से सम्पर्क किया किन्तु वह दोनो मेरे से रिश्वत कि मांग कर रहे है सचिव साहब मुझे कहते है कि नरेगा के तहत बिल पंचायत समिती में फिड करवाने पडेगे इस लिए खर्चा लगेगा। मै मेरे जायज काम के भुगतान के सम्बन्ध में रिश्वत नही देना चाहता हू। सचिव साहब व L.D.C मुझ से मेरे 1280000 के बीलो के भुगतान के लिए ऑनलाईन फिडिग करने के एवज में 250000 रूपय माग रहे है मै इतनी बडी राशी रिश्वत के रूप मे देने में असमर्थ हु मै इन सरकारी कर्मचारियो को रिश्वत नही देना चाहता हू इसलिए कानूनी कारवाई करवाना चाहता हू। मेरा इनसे कोई व्यक्गित लेन देन नही है। ना ही इनसे कोई झगडा है। कृपया मेरी सुनवाई कर कारवाई करे मेने कारवाई करवाने हेतु ही जयपुर टोल फ्रि नम्बर पर कॉल कर शिकायत की थी। हस्ताक्षर नरेन्द्र दिनांकनरेन्द्र कुमार दाधीच 26/12/25 (कालु) s/o कैलाश चन्द्र कार्यवाही पुलिस कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तोड़गढ़ दिनांक 26.12.2025 को समय करीब 02.00 पीएम पर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच द्वारा मन् उप अधीक्षक पुलिस हरिश्चन्द्र सिंह को ब्यूरो कार्यालय चित्तौडगढ़ के बाहर पास ही एकान्त स्थान पर बुलाया जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस परिवादी के पास पहुंचा । परिवादी ने बताया कि मेरी के.के. कन्सट्रक्शन नाम की फर्म है। मैं ग्राम पंचायत सिंहपुर में विकास कार्यो के लिए मेटेरियल सप्लाई का कार्य करता हुं। मेरी फर्म के 07 बिल माह मई व जुन 2025 के लगभग 12,80,000 रूपये के भुगतान के बकाया चल रहे है। उक्त बिलो को ऑनलाईन फिडिंग करके भुगतान करने की एवज में ग्राम पंचायत के सचिव श्री पारस राम विश्नोई व कनिष्ठ सहायक श्री बाबु लाल मेरे से 2,50,000 रूपये की रिश्वत मांग रहे है। मै इन दोनो कर्मचारियो को रिश्वत नही देना चाहता हुं । आप कानुनी कार्यवाही करावें। मैंने उक्त शिकायत आपके विभाग के टोल फ्रि नम्बर 1064 पर दिनांक 25.12.2025 को दी थी जहां से आपके मोबाईल नम्बर मुझे दिये थे। परिवादी से मजिद दरियाप्त करने पर बताया कि उक्त प्रार्थना पत्र स्वलिखित होकर उसने अंकित तथ्य सही है तथा यह भी बताया कि मेरा दोनो कर्मचारियो से कोई उधार का लेन-देन बकाया नही है। ना ही इनसे मेरी कोई आपसी रंजिश है तथा ना ही मुझे ग्राम पंचायत में कोई राजकीय राशि जमा कराना है। मैं दोनो कर्मचारियो को रिश्वत लेते हुए को रंगे हाथ पकडवाना चाहता हुं । आप कानुनी कार्यवाही करावे। मैं आपके कार्यालय के अन्दर नही आना चाहता हुं क्योकि आस-पास के लोग मुझे जानते है तथा परिवादी ने यह भी बताया कि मुझे मेरे परिचित व्यक्ति कालु नाम से भी बुलाते है। परिवादी ने प्रार्थना पत्र के साथ उसकी फर्म के बिल नम्बर 07 दिनांक 30.05.2025 राशि 2,49,840 रूपये, बिल नम्बर 08 दिनांक 31.05.2025 राशि 2,45,531 रूपये, बिल नम्बर 10 दिनांक 02.06.2025 राशि 1,79,589 रूपये, बिल नम्बर 11 दिनांक 05.06.2025 राशि 2,49,965 रूपये, बिल नम्बर 14 दिनांक 08.06.2025 राशि 2,46,011 रूपये, बिल नम्बर 15 दिनांक 09.06.2025 राशि 65,191 रूपये, बिल नम्बर 17 दिनांक 11.06.2025 राशि 45,627 रूपये के स्वयं हस्ताक्षरित बिलो की फोटोप्रतिया भी प्रस्तुत की। परिवादी के प्रार्थना पत्र और बिलो का अवलोकन कर शामिल कार्यवाही किये गये। परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से मामला ट्रेप कार्यवाही का पाया जाने से रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाना आवश्यक है। अतः परिवादी को रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाने हेतु कहा गया तो परिवादी ने कहा कि संदिग्ध कर्मचारी अभी अवकाश पर है, उनके आने पर मैं आपको कॉल कर सूचित कर दुगा तब आप आपके कार्यालय के किसी कर्मचारी को मेरे पास भेज देना, मैं रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवा दुगा। परिवादी को

श्री शेर सिंह कानि.ड्रा. 296 के मोबाईल नम्बर देकर हिदायत की गई कि मेरा नम्बर नही लगे तो आप श्री शेर सिंह कानि0 को कॉल कर सुचना दे देवे। श्री शेर सिंह ही रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु आपके साथ जायेगा। परिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की आवश्यक हिदायत देकर रूखसत किया गया। इसके बाद समय करीब 03.00 पीएम पर श्री शेर सिंह कानि.ड्रा. 296 को अपने कक्ष में बुलाकर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच द्वारा दी गई शिकायत के बारे में अवगत करवा कर परिवादी के मोबाईल नम्बर देकर हिदायत दी गई कि जब भी परिवादी का कॉल आवे तो मुझे अवगत करा कर परिवादी के पास जाकर नियमानुसार रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करावें। श्री शेर सिंह कानि.ड्रा. को गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत दी गई। इसके बाद दिनांक 07.01.2026 को समय करीब 10.40 पीएम पर परिवादी द्वारा अब तक कार्यवाही करवाने हेतु उपस्थित नही होने के कारण जरिये दूरभाष सम्पर्क किया तो परिवादी ने बताया कि मेरे पैर में चोट लग गई है तथा डॉक्टर ने 15-20 दिन रेस्ट करने की बोला है। मुझे चलने फिरने में भी दिक्कत हो रही है, मै ठीक होते ही आप से स्वयं सम्पर्क कर दुंगा। परिवादी को ठीक होने पर रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाने हेतु ब्यूरो कार्यालय पर सम्पर्क करने की हिदायत दी गई। आईन्दा परिवादी द्वारा सम्पर्क करने पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। इसके बाद दिनांक 29.01.2026 को समय करीब 09.30 एएम पर दर्ज रहे कि कल दिनांक 28.01.2026 को जरिये दूरभाष श्री शेर सिंह कानि.ड्रा. ने मुझे अवगत कराया कि परिवादी ने मुझे रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाने हेतु कपासन बुलाया है जिस पर श्री शेर सिंह कानि.ड्रा. को रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने के निर्देश देते हुए हिदायत दी कि कार्यालय का सरकारी डीवीआर मय् एक खाली मैमोरी कार्ड लेकर कार्यालय से जावे तथा कपासन में परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच से सम्पर्क कर उसे डीवीआर को चालु व बन्द करने की विधि की समझाईश कर उसके हमरा जाकर नियमानुसार रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करावें। जिस पर निर्देशानुसार श्री शेर सिंह कानि0 ड्रा0 ने नियमानुसार रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाया तथा इस समय रिकार्डिगशुदा सरकारी डीवीआर मय मैमोरी कार्ड के प्रस्तुत करते हुए बताया कि मैं आपके निर्देशानुसार कार्यालय का सरकारी डीवीआर मय् एक खाली मैमोरी कार्ड केडीएम कंपनी 32 जीबी बरंग काला साथ लेकर समय करीब 04.30 पीएम पर कार्यालय से रवाना हो कपासन पहुंचा । जहॉ पर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच उपस्थित मिला। परिवादी को डीवीआर चालु व बन्द करने की विधि समझाईश की गई। परिवादी को डीवीआर मय खाली मैमोरी कार्ड के सुपुर्द कर रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु पंचायत समिति कपासन में बने निवास पर सचिव श्री पारस राम विश्नोई से मिलने हेतु रवाना कर मैं भी आस-पास अपनी उपस्थिति छिपाते हुए खडा रहा। कुछ समय बाद परिवादी मेरे पास वापस आया तथा डीवीआर बन्द हालत मे मुझे सुपुर्द करते हुए बताया कि मेरी सचिव श्री पारस राम विश्नोई से रिश्वत राशि के लेन-देन बाबत् बात हो गई है। सचिव ने नगद रिश्वत राशि 2,21,000 रूपये श्री बाबुलाल जी को देने हेतु कहा है। उक्त हालात मैंने जरिये दूरभाष आपको अवगत कराये थे तथा परिवादी से भी आपकी वार्ता करायी थी। तत्पश्चात् निर्देशानुसार परिवादी को आवश्यक हिदायत कर कपासन में ही छोडकर मैं समय करीब 08.30 पीएम पर कार्यालय पहुंचा । परिवादी से हुई वार्ता अनुसार उसने भी श्री शेर सिंह द्वारा बताये गये उक्त तथ्यो की ताईद की तथा यह भी बताया कि मेरे पैर में लगी चोट ठीक नही होने से इतने दिनों तक मैंने रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु कॉल नही किया था। श्री शेर सिंह कानि. ड्रा. द्वारा प्रस्तुत डीवीआर को चालु कर सुना गया तो रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन होना पाया गया। संदिग्ध सचिव श्री पारस राम विश्नोई ने रिश्वत राशि श्री बाबुलाल एलडीसी को देने के लिए परिवादी को कहा है इसलिए श्री बाबुलाल एलडीसी से भी रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाना आवश्यक है। अतः परिवादी से सम्पर्क कर आईन्दा श्री बाबुलाल एलडीसी से भी रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन करवाया जायेगा। सरकारी डीवीआर मय रिकार्डिगशुदा मैमोरी कार्ड को सुरक्षित हालत में कार्यालय में रखवाया गया। इसके बाद दिनांक 03.02.2026 को समय करीब 01.00 पीएम पर श्री शेर सिंह कानि.ड्रा. ने मन् उप अधीक्षक पुलिस को बताया कि परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच ने श्री बाबुलाल एलडीसी से रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु मुझे सिंहपुर बुलाया है। अतः श्री शेर सिंह कानि. को श्री बाबुलाल एलडीसी से रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु सिंहपुर रवाना किया जायेगा। इसके बाद समय करीब 01.15 पीएम पर श्री शेर सिंह कानि.ड्रा सरकारी डीवीआर मय रिकार्डिगशुदा मैमोरी कार्ड सुपुर्द करते हुए सिंहपुर जाकर परिवादी से सम्पर्क कर नियमानुसार रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु सिंहपुर के लिए रवाना किया। इसके समय करीब 04.00 पीएम पर श्री शेर सिंह ड्रा.कानि. व परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच कार्यालय हाजा उपस्थित आये है। मन् उप अधीक्षक पुलिस को सरकारी डीवीआर मय रिकार्डिगशुदा मैमोरी कार्ड पेश किया तथा श्री शेर सिंह ड्रा.कानि. ने बताया कि मैं कार्यालय से रवाना होकर सिंहपुर पहुंचा जहां पर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच उपस्थित मिला। परिवादी को सरकारी डीवीआर मय रिकार्डिगशुदा मैमोरी कार्ड सुपुर्द कर रिश्वत राशि की मांग का सत्यापन कराने हेतु ग्राम पंचायत सिंहपुर के लिए रवाना किया तथा मैं भी आस-पास अपनी उपस्थिति छिपाते हुए खडा हो गया। कुछ देर बाद परिवादी वापस आया तथा डीवीआर को बन्द कर मुझे देते हुए बताया कि मैंने ग्राम पंचायत सिंहपुर जाकर श्री बाबुलाल जी से रिश्वत राशि लेन-देन के सम्बन्ध में बातचित कर आपके विभाग के डीवीआर में रिकॉर्ड कर ली है तथा श्री शेर सिंह ड्रा.कानि. ने बताया कि आपको हालात निवेदन कर परिवादी को हमरा लेकर कार्यालय में उपस्थित आया। परिवादी ने श्री शेर सिंह ड्रा.कानि. द्वारा बताये गये उक्त तथ्यो की ताईन्द करते हुए

बताया कि मेरी ग्राम पंचायत सिंहपुर जाकर श्री बाबुलाल जी से रिश्वत राशि लेन-देन के सम्बन्ध में बातचित हो गई है। मैंने उनको सचिव श्री पारस राम विश्नोई के बताये अनुसार रिश्वत राशि 2 लाख 21 हजार रूपये बाबत् बातचित की तो श्री बाबुलाल जी ने मुझे कहां कि 2 लाख 11 हजार रूपये कर देना। डीवीआर को चालू कर सुना गया तो परिवादी द्वारा बताये गये उक्त तथ्यों की ताईन्द हुई तथा वार्तानुसार आरोपी श्री बाबु लाल ने परिवादी से 2,11,000 रूपये की स्पष्ट मांग की है। डीवीआर मय् रिकॉर्डिंगशुदा मैमोरी कार्ड को सुरक्षित कार्यालय में रखा गया। परिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की आवश्यक हिदायत कर रिश्वत में दी जाने वाली राशि 2,11,000 रूपये लेकर कल दिनांक 04.02.2026 को समय 09.30 एएम पर कार्यालय में उपस्थित होने की कहकर रूखसत दी गई। अग्रिम कार्यवाही हेतु दो स्वतन्त्र गवाहान की आवश्यकता होने से गवाहानों की तलबी की जावेगी। इसके बाद समय करीब 05.30 पीएम पर दो स्वतन्त्र गवाह को दिनांक 04.04.2026 को समय 09.30 एएम पर उपस्थित होने बाबत् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चित्तौडगढ़ के नाम पत्र क्रमांक 240 दिनांक 03.02.2026 जारी कर श्री दलपत सिंह, एएसआई को देकर भेजा गया। इसके बाद समय करीब 06.00 पीएम पर श्री दलपत सिंह, एएसआई दो गवाह की गोपनीय राजकार्य हेतु ड्युटी के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चित्तौडगढ़ द्वारा जारी पत्र क्रमांक 553 दिनांक 03.02.2026 लेकर उपस्थित आया। पत्र का अवलोकन किया गया तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चित्तौडगढ़ द्वारा गोपनीय राजकार्य हेतु डॉ. पुनित कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौडगढ़ व श्री रविन्द्र सानेल, कनिष्ठ लेखाकार की गोपनीय राजकार्य हेतु ब्यूरो कार्यालय में दिनांक 04.02.2026 को उपस्थित होने बाबत् जारी होना पाया गया। पत्र को शामिल कार्यवाही किया गया। इसके बाद दिनांक 04.02.2026 को समय करीब 09.30 एएम पर तलबिदा दोनो स्वतन्त्र गवाह कार्यालय हाजा में उपस्थित आये। जिनको मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा अपना परिचय देकर उनसे उनका परिचय पुछा तो एक गवाह ने अपना नाम डॉ. पुनीत कुमार तिवारी पुत्र श्री महेश तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी 14 ए 32 बापु नगर, भीलवाड़ा हाल उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला चित्तौडगढ़ एवं दूसरे गवाह ने अपना नाम श्री रवीन्द्र सानेल पुत्र श्री हेतराम सानेल उम्र 32 वर्ष निवासी मेहरादासी तहसील मण्डावा जिला झुन्झुनु हाल कनिष्ठ लेखाकार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जिला चित्तौडगढ़ होना बताया। तत्पश्चात् ट्रेप कार्यवाही बाबत् दोनो स्वतंत्र गवाहान को बतौर स्वतंत्र गवाह उपस्थित रहने की सहमति चाही गई तो दोनो गवाहान ने अपनी-अपनी मौखिक सहमति प्रदान की जिस पर दोनो गवाहान को परिवादी द्वारा दिनांक 26.12.2025 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पढ़ कर सुनाया गया व दिखाया गया तथा दोनो स्वतन्त्र गवाहान के परिवादी के प्रार्थना पत्र हस्ताक्षर करवाये गये। दोनो स्वतंत्र गवाहानों को सरकारी डिवीआर में दिनांक 28.01.2026 व दिनांक 03.02.2026 को रिकार्ड की गई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ताओं के मुख्य अंशों को सुनाया गया तो दोनों गवाहानों ने रिश्वत राशि की मांग की पुष्टि होना बताया। दोनो स्वतन्त्र गवाह को कार्यालय में बिठाया गया। फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता पृथक से तैयार की जावेगी। इसके बाद समय करीब 11.30 एएम पर तलबिदा परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच उपस्थित आया तथा बताया कि रिश्वत में दी जाने वाली राशि 2,11,000 रूपये की व्यवस्था नही हुई है। रिश्वत राशि की व्यवस्था करने में मुझे शाम तक का समय लगेगा। परिवादी को कार्यालय में बिठाया गया। इसके बाद समय करीब 11.40 एएम पर परिवादी व दोनो स्वतन्त्र गवाह को अपने कक्ष में बुलाकर दोनो स्वतन्त्र गवाह का परिवादी से आपस में परिचय करवाया गया तथा दोनो स्वतन्त्र गवाह के समक्ष परिवादी ने स्वयं द्वारा दिनांक 26.12.2025 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों की पुष्टि की तथा प्रार्थना पत्र पर स्वयं के हस्ताक्षर होना बताया तथा प्रार्थना पत्र स्वयं का हस्तलिखित होना बताया तथा सरकारी डिवीआर में दिनांक 28.01.2026 व दिनांक 03.02.2026 को रिकार्ड की गई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ताओं को चालु कर मुख्य अंशो को सुनाने पर उन में रिकॉर्ड वार्ताओं को स्वयं द्वारा सरकारी डीवीआर में रिकॉर्ड करना बताया तथा दिनांक 28.01.2026 की वार्ता में परिवादी ने एक आवाज अपनी व दुसरी आवाज सचिव श्री पारस राम विश्नोई की होना बताया तथा दिनांक 03.02.2026 की वार्ता में परिवादी ने एक आवाज अपनी व दुसरी आवाज श्री बाबु लाल एलडीसी की होना बताया। रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ताओं की फर्द ट्रांसक्रिप्ट पृथक से तैयार करवायी जावेगी। इसके बाद समय करीब 12.30 पीएम पर दोनो स्वतन्त्र गवाह को कार्यालय में उपस्थित रहने की हिदायत कर परिवादी को रिश्वत में दी जाने वाली राशि 2,11,000 रूपये की व्यवस्था कर वापस ब्यूरो कार्यालय पर उपस्थित आने की हिदायत कर रूखसत किया गया। इसके बाद समय करीब 06.00 पीएम पर परिवादी के ब्यूरो कार्यालय चित्तोड़गढ़ पर उपस्थित नहीं आने से जरिये दूरभाष परिवादी से सम्पर्क किया गया तो परिवादी ने बताया कि अभी तक रिश्वत में दी जाने वाली राशि की व्यवस्था नहीं हुई है। मैं कल सुबह तक व्यवस्था कर के रिश्वत में दी जाने वाली राशि 2,11,000 रूपये लेकर आपके कार्यालय में उपस्थित हो जाउगा। परिवादी को गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत कर कहा गया कि रिश्वत में दी जाने वाली राशि 2,11,000 रूपये की व्यवस्था हो जाने पर ब्यूरो कार्यालय में उपस्थित होवें। दोनो स्वतन्त्र गवाह को गोपनीयता बनाये रखने की हिदायत कर कल दिनांक 05.02.2026 को समय करीब 10 एएम पर इस कार्यालय में उपस्थित पाबन्द किया जाकर दोनो स्वतन्त्र गवाह को रूखसत किया गया। इसके बाद दिनांक 05.02.2026 को समय करीब 10.30 एएम पर दो स्वतन्त्र गवाह कार्यालय हाजा में उपस्थित आये तथा पूर्व के गवाह श्री रवीन्द्र सानेल, कनिष्ठ लेखाकार ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,

जिला चित्तौडगढ़ द्वारा जारी पत्र क्रमांक 618 दिनांक 05.02.2026 पेश करते हुए बताया कि डॉ. पुनीत कुमार तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अवकाश पर होने के कारण उनकी जगह दुसरे गवाह श्री शिव प्रकाश जी मीणा, लेखाधिकारी को लगाया जो मेरे साथ ही आये है। इस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा दुसरे गवाह को अपना परिचय देकर उनसे उनका परिचय पुछा तो उन्होने अपना नाम श्री शिव प्रकाश मीणा पुत्र श्री रिछपाल मीणा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम किशोरी तहसील थानागाजी जिला अलवर हाल लेखा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चित्तौडगढ़ होना बताया। तत्पश्चात् ट्रेप कार्यवाही बाबत् स्वतंत्र गवाह श्री शिव प्रकाश मीणा को बतौर स्वतंत्र गवाह उपस्थित रहने की सहमति चाही गई तो गवाह ने अपनी मौखिक सहमति प्रदान की जिस पर गवाह श्री शिव प्रकाश मीणा को परिवादी द्वारा दिनांक 26.12.2025 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पढ़ कर सुनाया गया व दिखाया गया तथा स्वतन्त्र गवाह श्री शिव प्रकाश मीणा के परिवादी के प्रार्थना पत्र हस्ताक्षर करवाये गये। गवाह श्री शिव प्रकाश मीणा को सरकारी डिवीआर में दिनांक 28.01.2026 व दिनांक 03.02.2026 को रिकार्ड की गई रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ताओं के मुख्य अंशों को सुनाया गया तो गवाह ने रिश्वत राशि की मांग की पुष्टि होना बताया। दोनो स्वतन्त्र गवाह को कार्यालय में बिठाया गया। फर्द ट्रांसक्रिप्ट रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता पृथक से तैयार की जावेगी। इसके बाद समय करीब 11.00 एएम पर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच कार्यालय हाजा पर उपस्थित आया। परिवादी ने रिश्वत में दी जाने वाली राशि 2,11,000 हजार रूपये की जगह 70,000 रूपये नगद राशि लेकर आया है तथा साथ में अपनी फर्म के0के0 कन्स्ट्रक्शन डेवल्पर्स एन्टरप्राईजेज के राजस्थान ग्रामीण बैक शाखा नारेला जिला चित्तौडगढ़ के खाता संख्या 00000021844000210 का 1,40,000 रूपये का चैक संख्या 200060 भरा हुआ अपने स्वयं के हस्ताक्षरशुदा प्रस्तुत किया है। परिवादी ने बताया कि श्री पारस राम विश्नोई ने रिश्वत राशि मांग सत्यापन के दौरान चैक देने की बात भी कही है इसलिए मैं श्री बाबुलाल एलडीसी को 70,000 रूपये नगद व 1,40,000 रूपये का चैक दे दुंगा। परिवादी द्वारा प्रस्तुत उक्त चैक की फोटोप्रति निकाल कर चैक की फोटोप्रति पर दोनो गवाह व परिवादी के हस्ताक्षर करवाये जाकर शामिल कार्यवाही किया गया। परिवादी को कार्यालय में बिठाया गया। इसके बाद समय करीब 12.05 पीएम पर दोनो स्वतंत्र गवाहान एवं मन् उप अधीक्षक पुलिस के समक्ष पूर्व पाबंद शुदा उपस्थित परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच उर्फ कालु पुत्र कैलाश चन्द्रजी निवासी सिंहपुर तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ़ को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने की कहने पर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच ने अपनी व्यवस्थानुसार अपने पास से पॉच-पॉच सौ रूपये के 140 नोट कुल 70,000 रूपये एवं चैक राशि 1,40,000 अंकित मय हस्ताक्षर शुदा निकालकर पेश किये। भारतीय मुद्रा के उक्त नोटों के नम्बर निम्न प्रकार है- क्र.स. नोटो का विवरण नोटो का नम्बर
1 एक नोट 500/- रूपये का 8BD386926 2 एक नोट 500/- रूपये का 3CL663226 3 एक नोट 500/- रूपये का 5KG178741 4 एक नोट 500/- रूपये का 8AM960588 5 एक नोट 500/- रूपये का 7BC262266 6 एक नोट 500/- रूपये का 7AE373025 7 एक नोट 500/- रूपये का 3CA484787 8 एक नोट 500/- रूपये का 3CL663225 9 एक नोट 500/- रूपये का 7BF594512 10 एक नोट 500/- रूपये का 2AE630097 11 एक नोट 500/- रूपये का 9DQ479376 12 एक नोट 500/- रूपये का 1PD843127 13 एक नोट 500/- रूपये का 5QG458216 14 एक नोट 500/- रूपये का 1CG469823 15 एक नोट 500/- रूपये का 4CS800996 16 एक नोट 500/- रूपये का 0EB242244 17 एक नोट 500/- रूपये का 8LP741850 18 एक नोट 500/- रूपये का 7BF524020 19 एक नोट 500/- रूपये का 6CB885443 20 एक नोट 500/- रूपये का 2MU511302 21 एक नोट 500/- रूपये का 7RT013343 22 एक नोट 500/- रूपये का 1KM216768 23 एक नोट 500/- रूपये का 8DL186889 24 एक नोट 500/- रूपये का 4QK624208 25 एक नोट 500/- रूपये का 2TT662417 26 एक नोट 500/- रूपये का 1GU023132 27 एक नोट 500/- रूपये का 5HD410895 28 एक नोट 500/- रूपये का 1NU772763 29 एक नोट 500/- रूपये का 9WT036323 30 एक नोट 500/- रूपये का 6VP738495 31 एक नोट 500/- रूपये का 0FM233362 32 एक नोट 500/- रूपये का 9ED387410 33 एक नोट 500/- रूपये का 8PV807278 34 एक नोट 500/- रूपये का 8DP127052 35 एक नोट 500/- रूपये का 9RT736433 36 एक नोट 500/- रूपये का 5AE205754 37 एक नोट 500/- रूपये का 6DF755777 38 एक नोट 500/- रूपये का 1QE244709 39 एक नोट 500/- रूपये का 8AL694031 40 एक नोट 500/- रूपये का 4KQ731563 41 एक नोट 500/- रूपये का 7SB811787 42 एक नोट 500/- रूपये का 2FP979047 43 एक नोट 500/- रूपये का 2CT906165 44 एक नोट 500/- रूपये का 7DB253959 45 एक नोट 500/- रूपये का 5CH130963 46 एक नोट 500/- रूपये का 8BL033714 47 एक नोट 500/- रूपये का 7BF548695 48 एक नोट 500/- रूपये का 9DV551864 49 एक नोट 500/- रूपये का 8EN406823 50 एक नोट 500/- रूपये का 6MF481662 51 एक नोट 500/- रूपये का 9CP178641 52 एक नोट 500/- रूपये का 6TA386679 53 एक नोट 500/- रूपये का 7ES541317 54 एक नोट 500/- रूपये का 2KC326195 55 एक नोट 500/- रूपये का 3CF391837 56 एक नोट 500/- रूपये का 2BG692072 57 एक नोट 500/- रूपये का 2CW568738 58 एक नोट 500/- रूपये का 5GM526456 59 एक नोट

500/- रूपये का 8NG172319 60 एक नोट 500/- रूपये का 2QS346791 61 एक नोट 500/- रूपये का 0GC799176 62 एक नोट 500/- रूपये का 3CL156181 63 एक नोट 500/- रूपये का 2TQ157567 64 एक नोट 500/- रूपये का 1CA487529 65 एक नोट 500/- रूपये का 0GN405324 66 एक नोट 500/- रूपये का 9RP867781 67 एक नोट 500/- रूपये का 5RT249722 68 एक नोट 500/- रूपये का 3EQ634545 69 एक नोट 500/- रूपये का 3WR585165 70 एक नोट 500/- रूपये का 6BN600259 71 एक नोट 500/- रूपये का 4FV660840 72 एक नोट 500/- रूपये का 3CV830609 73 एक नोट 500/- रूपये का 4MW265912 74 एक नोट 500/- रूपये का 9HL705068 75 एक नोट 500/- रूपये का 5AT339729 76 एक नोट 500/- रूपये का 1PW493312 77 एक नोट 500/- रूपये का 1PU390601 78 एक नोट 500/- रूपये का 7PM978012 79 एक नोट 500/- रूपये का 7BF627995 80 एक नोट 500/- रूपये का 9UV652088 81 एक नोट 500/- रूपये का 7KU151071 82 एक नोट 500/- रूपये का 8MH488687 83 एक नोट 500/- रूपये का 4HV267741 84 एक नोट 500/- रूपये का 0RL035107 85 एक नोट 500/- रूपये का 6GU817756 86 एक नोट 500/- रूपये का 2VA821336 87 एक नोट 500/- रूपये का 7QM330357 88 एक नोट 500/- रूपये का 0CB346340 89 एक नोट 500/- रूपये का 2MV584547 90 एक नोट 500/- रूपये का 0FE755842 91 एक नोट 500/- रूपये का 5HM209667 92 एक नोट 500/- रूपये का 9TG362264 93 एक नोट 500/- रूपये का 6CA883236 94 एक नोट 500/- रूपये का 7GK557921 95 एक नोट 500/- रूपये का 7FA250796 96 एक नोट 500/- रूपये का 5FT845987 97 एक नोट 500/- रूपये का 6BD948007 98 एक नोट 500/- रूपये का 2FV045912 99 एक नोट 500/- रूपये का 1MG728193 100 एक नोट 500/- रूपये का 1KV191392 101 एक नोट 500/- रूपये का 4GE768166 102 एक नोट 500/- रूपये का 0MQ561409 103 एक नोट 500/- रूपये का 8RP241510 104 एक नोट 500/- रूपये का 8SL884324 105 एक नोट 500/- रूपये का 8FU166752 106 एक नोट 500/- रूपये का 0PA774353 107 एक नोट 500/- रूपये का 1UP166593 108 एक नोट 500/- रूपये का 8QM911287 109 एक नोट 500/- रूपये का 9UF259196 110 एक नोट 500/- रूपये का 3EM501983 111 एक नोट 500/- रूपये का 4CH311672 112 एक नोट 500/- रूपये का 3PC406733 113 एक नोट 500/- रूपये का 2MH386462 114 एक नोट 500/- रूपये का 6TV365100 115 एक नोट 500/- रूपये का 2UB276153 116 एक नोट 500/- रूपये का 3PE187571 117 एक नोट 500/- रूपये का 1AA757489 118 एक नोट 500/- रूपये का 8LR728013 119 एक नोट 500/- रूपये का 5GH660213 120 एक नोट 500/- रूपये का 7RT976200 121 एक नोट 500/- रूपये का 0FR705168 122 एक नोट 500/- रूपये का 7AS363619 123 एक नोट 500/- रूपये का 0LS670667 124 एक नोट 500/- रूपये का 5NV251148 125 एक नोट 500/- रूपये का 2TP512795 126 एक नोट 500/- रूपये का 2KF117946 127 एक नोट 500/- रूपये का 8FC509456 128 एक नोट 500/- रूपये का 2PF403401 129 एक नोट 500/- रूपये का 9GS098964 130 एक नोट 500/- रूपये का 5NR282357 131 एक नोट 500/- रूपये का 5FL868239 132 एक नोट 500/- रूपये का 1CW474587 133 एक नोट 500/- रूपये का 1BH748556 134 एक नोट 500/- रूपये का 4AR951647 135 एक नोट 500/- रूपये का 8CA424782 136 एक नोट 500/- रूपये का 5RL626763 137 एक नोट 500/- रूपये का 0DK442410 138 एक नोट 500/- रूपये का 9QM555932 139 एक नोट 500/- रूपये का 0RE980970 140 एक नोट 500/- रूपये का 7ND923492 परिवादी द्वारा प्रस्तुत चैक का विवरण निम्नानुसार हैः- क्र.सं. खाता धारक का नाम बैंक का नाम चालु खाता संख्या चैक संख्या राशि 1. श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच फर्म के.के. कन्सट्रक्शन डवलपर्स इन्टरप्राईजेज राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा नारेला जिला चित्तौड़गढ 0000002184400021 0 200060 1,40,000/- परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच की जामा तलाशी गवाह श्री रवीन्द्र सानेल से लिवाई गई जिसमें परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच के पास एक मोबाईल फोन के अलावा कुछ नहीं मिला, जिसे परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच को सुपुर्द किया गया। परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच द्वारा पेश किये गये उक्त नोट एवं चैक संख्या 200060 राशि 1,40,000 रूपयें मय हस्ताक्षर शुदा पेश किये गये उक्त समस्त नोटो एवं चैक पर श्रीमती टीना कंवर महिला कानि0 को मालखाने से फिनोफ्थलीन पाउडर निकलवाकर उपरोक्त समस्त नोटों एवं चैक के दोनों ओर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया जाकर नोटों को परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच की पहनी हुई जिंस पेन्ट के सामने की दाहिनी जेब में कोई शैः नहीं छोड़ते हुए 70,000 रूपयें पर रबड़ बैंड लगाकर एवं चैक को महिला कानि. श्रीमति टीना कॅवर से रखवाये गये। श्री शेर सिंह कानि. चालक से एक साफ प्लास्टिक गिलास में साफ पानी भरवाकर मंगवाया जाकर सोडियम कार्बोनेट पाउडर ट्रेप बाक्स से निकलवाया जाकर उक्त प्लास्टिक गिलास में एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवा कर घोल तैयार करवाया गया तो घोल का रंग अपरिवर्तित रहा। इस रंगहीन घोल में श्रीमति टीना कॅवर महिला कानि. की उंगलियों व अंगुठे को डूबोकर धुलवाई गई तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार परिवादी तथा स्वतंत्र गवाहान के समक्ष फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कर बताई गई एवं उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि यदि आरोपी द्वारा परिवादी से रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण करेगे तो

नोटों पर लगा फिनोफ्थलीन पाउडर उनकी हाथों की अंगुलियों व अंगुठे पर लग जाएगा और जब उसके हाथों की उंगलियों व अंगुठे को उपरोक्तानुसार धुलाई जाएगी तो घोल का रंग गुलाबी हो जाएगा। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपी ने रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को श्रीमति टीना कॅवर महिला कानि. से बाहर फिकवाकर फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को कार्यालय मालखाने में रखवाई गई तथा श्री शेर सिंह कानि. चालक से सोडियम कार्बोनेट पाउडर को ट्रेप बॉक्स में रखवाया गया। इसके उपरान्त उपरोक्त डिस्पोजल गिलास को जलाकर नष्ट कराया। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि वह आरोपी के द्वारा रिश्वती राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वती राशि देने से पूर्व या देने के बाद उसके शरीर के किसी अंग को नहीं छुए। यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करें। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि रिश्वती राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रर्दशन न करे, तथा रिश्वती राशि दे चुकने के बाद गोपनीय निर्धारित ईशारा अपने सिर की टोपी को उतारकर दोनो हाथ सिर पर फैरकर ईशारा करे। यह निर्धारित ईशारा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों को समझाया गया तथा श्री शेर सिंह कानि. चालक से ट्रेप कार्यवाही में प्रयुक्त होने वाली कांच की शिशियॉ, ढक्कन चम्मच इत्यादि को साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर व नये डिस्पोजल गिलास पेकेट ट्रेप बॉक्स में रखवाये गये। इसके पश्चात् मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा दोनो गवाहान, परिवादी एवं स्टाफ का आपस मे परिचय करवाया गया। तत्पश्चात गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथासंभव अपनी-अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादी तथा आरोपी के मध्य रिश्वती राशि के लेन-देन को देखने व सुनने का प्रयास करे एवं परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच को डिजीटल टेप रिकॉर्डर देते हुए हिदायत दी गई कि वह रिश्वती राशि के लेन-देन के वक्त आरोपी से होने वाली वार्तालाप को डीवीआर में रिकॉर्ड करें। परिवादी, स्वतंत्र गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। श्रीमति टीना कॅवर महिला कानि. के दोनो हाथों को साफ-पानी व साबुन से धुलवाये गये एवं उक्त कार्यवाही की विडियोग्राफी श्री संदीप कुमार कानि. द्वारा सरकारी मोबाईल से करवाई गई। उक्त कार्यवाही की फर्द हाजा पृथक से मूर्तिब की जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवा शामील कार्यवाही की गई। इसके बाद समय करीब 12.20 पीएम पर श्री ओम प्रकाश एएसआई एवं श्री प्रवीण सिंह कानि0 को आवश्यक हिदायत कर सरकारी मोटर साईकिल से संदिग्ध श्री पारस राम विश्नोई, ग्राम विकास अधिकारी पर निगरानी रखने हेतु पंचायत समिति कपासन के परिसर में स्थित निवास के लिए रवाना किया गया। इसके बाद समय करीब 12.40 पीएम पर श्रीमती टीना कंवर म.कानि. को कार्यालय में ही छोडकर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच को उसकी स्वयं की मोटर साईकिल से आवश्यक हिदायत कर बजानिब सिंहपुर की तरफ रवाना कर उसके पीछे श्री संदीप कुमार कानि0 को निजी मोटर साईकिल से रवाना कर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो स्वतन्त्र गवाहन श्री शिव प्रकाश मीणा व श्री रविन्द्र सानेल एवं ट्रेप पार्टी सदस्य श्री दलपत सिंह एएसआई, श्री जितेन्द्र कुमार कानि0 मय लेपटॉप, प्रिन्टर, ट्रेप बॉक्स व आवश्यक स्टेशनरी, लेखन सामग्री मय सरकारी मोबाईल मय खाली मैमोरी कार्ड केडीएम कंपनी 32 जीबी बरंग काला को साथ लेकर जरिये राजकीय वाहन ट्वेरा नम्बर आरजे 14 यूई 8792 मय् चालक श्री शेर सिंह के ट्रेप कार्यवाही हेतु बजानिब सिंहपुर जिला चित्तौडगढ़ की तरफ रवाना हुआ। इसके बाद समय करीब 01.15 पीएम पर उपरोक्त फिकरा का रवानाशुदा मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के एवं ट्रेप पार्टी सदस्यों के ग्राम पंचायत सिंहपुर से कुछ पहले पहुंचा जहां पर परिवादी व श्री सन्दीप कुमार कानि0 उपस्थित मिले। वाहनो को साईड में खड़ा कर परिवादी को आवश्यक हिदायत कर ग्राम पंचायत सिंहपुर के लिए उसकी स्वयं की मोटर साईकिल से रवाना कर उसके पीछे-पीछे मन् उप अधीक्षक पुलिस मय दोनो गवाहान व ट्रेप पाटी सदस्यों के पैदल-पैदल ही रवाना हो ग्राम पंचायत सिंहपुर के आस-पास अपनी-अपनी उपस्थिति छुपाते हुए परिवादी के निर्धारित ईशारे का इन्तजार करने लगे। इसके बाद समय करीब 01.45 पीएम पर परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच द्वारा ग्राम पंचायत सिंहपुर के मैन फाटक के बाहर रोड़ पर आकर अपने सिर पर लगी टोपी को उतार कर दोनो हाथ फैर कर पूर्व निर्धारित ईशारा समय करीब 1.45 पी.एम. पर किया, जिसे श्री शेर सिंह कानि. चालक एवं श्री संदीप कुमार कानि. ने देखकर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय स्वतंत्र गवाहान श्री शिव प्रकाश मीणा व श्री रवीन्द्र सानेल, श्री दलपत सिंह सउनि, जितेन्द्र कुमार कानि. मय सरकारी वाहन की तरफ निर्धारित ईशारा किया जिसे मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमरायान ने देखकर परिवादी के नजदीक पहुंचे । जहॉ परिवादी को पूर्व में दिया गया डिवीआर श्री शेर सिंह कानि. चालक द्वारा प्राप्त कर बंद कर अपने पास सुरक्षित रखा तथा परिवादी द्वारा ईशारा कर बताया कि श्री बाबु लाल शर्मा रोजगार कनिष्ठ सहायक ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठा हुआ है, जिसने अभी मेरे से पूर्व में हुई रिश्वत राशि मांग के अनुसार रिश्वत राशि 70,000 रूपयें नगद एवं चैक राशि 1,40,000 रूपयें प्राप्त कर उनकी पहनी हुई पेन्ट की सामने की दाहिनी जेब में रखे है। जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस मय हमरायान, परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच को ग्राम पंचायत कार्यालय सिंहपुर में प्रवेश किया जहॉ एक व्यक्ति सामने कुर्सी पर बैठा हुआ था जिसकी ओर परिवादी ने ईशारा कर बताया कि यही व्यक्ति श्री बाबु लाल शर्मा रोजगार कनिष्ठ सहायक है जिन्होने अभी-अभी मेरे से रिश्वत राशि के रूप में 70,000 रूपयें एवं चैक राशि 1,40,000 रूपयें प्राप्त कर इनकी पहनी हुई पेन्ट की सामने की दाहिनी जेब में मेरे सामने रखे है। जिस पर मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा उक्त बैठे हुए व्यक्ति को अपना व हमरायान का परिचय देते हुए आने का मन्तव्य से अवगत करवाते हुए उक्त व्यक्ति से अपना परिचय पूछा तो उसने अपना नाम बाबु लाल शर्मा पुत्र श्री मिठू लाल शर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी हिंगोरिया

तहसील कपासन पुलिस थाना कपासन जिला चित्तौड़गढ हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय ग्राम पंचायत सिंहपुर जिला चित्तौड़गढ होना बताया जिसे मन् उप अधीक्षक पुलिस ने परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच की फर्म मैसर्स के.के. कन्सट्रक्शन डवलपर्स इन्टरप्राईजेज के सामग्री मद के बिलो के भुगतान के ऐवज में आपने दिनांक 03.02.2026 को रिश्वत राशि मांग सत्यापन के दौरान रिश्वत राशि के रूप में आपने 2,11,000 रूपयें लेना तय किया था जो सही है क्या तो आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा ने बताया कि जो आप कह रहे हो वह सही बात है किन्तु उक्त राशि में मेरा कोई लेना-देना नहीं है, मुझे तो ग्राम विकास अधिकारी श्री पारसराम जी द्वारा कहा था, इसलिये मैने ठेकेदार श्री नरेन्द्र कुमार जी दाधीच से दिनांक 03.02.2026 को 2,11,000 रूपयें की बात की थी। उक्त बातचित के अनुसार आज अभी कुछ समय पूर्व मेरे पास ग्राम पंचायत कार्यालय सिंहपुर में आया और मुझे श्री नरेन्द्र कुमार जी ने 70,000 रूपयें कहकर गड्डी एवं एक चैक जिसमें राशि 1,40,000 रूपयें अंकित थे। उक्त चैक हस्ताक्षर शुदा मय 70,000 रूपयें मुझे दिये जो मैने हाथ में लेकर गिनकर रूपयें एवं चैक को मेरी पहनी हुई पेन्ट की सामने की दाहिनी जेब रखे है जो मेरी जेब मे ही पड़े हुए है। उक्त तथ्यों के संबंध में सामने खड़े परिवादी से मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा पूछा कि आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा द्वारा बताये गये तथ्य सही है तो परिवादी ने आरोपी द्वारा बताये गये तथ्यों की पुष्ठि करते हुए कहा की मैं दिनांक 28.01.2026 को जब श्री पारसराम विश्नोई ग्राम विकास अधिकारी के पास रिश्वत राशि मांग सत्यापन हेतु गया था तो मुझे श्री पारसराम विश्नोई द्वारा कहा की तुम्हारी फर्म के बिल राशि 12,80,000 रूपयें के लगभग का पास करने की ऐवज में चैक से राशि देनी हो तो मुझे दे देना नगद देने है तो श्री बाबु लाल शर्मा रोजगार कनिष्ठ सहायक से इस संबंध में बातचित कर लेना, जिस पर मैं दिनांक 03.02.2026 को श्री बाबु लाल शर्मा से जाकर मिला तो उन्होने मेरे से कहा कि आप कितना देना चाहते हो तो मैने 2,21,000 रूपयें देने की कहा तो श्री बाबु लाल शर्मा ने मुझे कहा की आप मुझे 2,11,000 रूपयें दे देना। जो आज मैने मेरी व्यवस्थानुसार 70,000 रूपयें रिश्वत राशि एवं नगद राशि की व्यवस्था नहीं होने से मेरी फर्म के नाम का चैक में राशि 1,40,000 रूपयें भर कर हस्ताक्षर शुदा सहित कुल राशि 2,10,000 रूपयें कहकर अभी कुछ समय पूर्व श्री बाबु लाल शर्मा रोजगार कनिष्ठ सहायक को ग्राम पंचायत कार्यालय सिंहपुर में इनके हाथो में मेरी फर्म के बिल के संबंध में बातचित करते हुए दिये थे जो श्री बाबु लाल शर्मा ने अपने दोनो हाथो में लेकर रूपयें एवं चैक को उनकी पहनी हुई पेन्ट के सामने की दाहिनी जेब में मेरे सामने रखने के बाद मैं ग्राम पंचायत कार्यालय सिंहपुर की मैन फाटक बाहर रोड़ पर आकर मेरे सिर पर लगी हुई टोपी को उतार कर दोनो हाथ अपने सिर पर फैरकर पूर्व निर्धारित ईशारा सामने खड़े ब्यूरो टीम के सदस्य श्री शेर सिंह जी व श्री संदीप कुमार को किया। उक्त परिवादी द्वारा बताये गये तथ्यों के संबंध में पुनः आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा को पूछा तो बताया कि साहब मेरा इन रूपयों में कोई लेना-देना नहीं है। मैने तो इनके बिल बाउचर बनाकर पंचायत समिति में ग्राम विकास अधिकारी के मार्फत भिजवा दिये है। मेरी गलती इतनी हुई कि मेरे द्वारा दिनांक 03.02.2026 को श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच ठेकेदार से ग्राम विकास अधिकारी श्री पारसराम विश्नोई जी के कहने पर बातचित की और उन्ही के कहने से आज मैंने उक्त राशि 70,000 रूपयें नगद एवं चैक राशि 1,40,000 रूपयें का लिया है, जिसके लिये मैं माफी चाहता हूं। आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा द्वारा बताये गये उक्त तथ्य के संबंध में उसने कहा कि मैं अभी सचिव साहब से बात कर लेता हूं इस पर स्वतंत्र गवाह के समक्ष ही आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा ने उक्त रिश्वत राशि 70,000 रूपयें एवं चैक राशि 1,40,000 रूपयें सहित कुल राशि 2,10,000 रूपयें के संबंध में अपने मोबाईल नम्बर 96674-13184 से श्री पारसराम विश्नोई ग्राम विकास अधिकारी के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर उक्त रिश्वत राशि 70,000 रूपयें व चैक प्राप्त करने के संबंध में कहा तो ग्राम विकास अधिकारी श्री पारसराम विश्नोई ने कहा कि ठीक है आप अपने पास रख लो और दो अन्य व्यक्तियों को भी 20-25 हजार रूपयें फोन पे कर देने इत्यादी कहता है और अपनी लोकेशन भुपालसागर की तरफ होना एवं सोमवार तक आने की कहकर फोन काट दिया। फिर कुछ समय बाद श्री पारसराम विश्नोई ग्राम विकास अधिकारी का श्री बाबु लाल शर्मा के मोबाईल पर कॉल आया तो बात नहीं होकर कॉल कट गया तो पुनः श्री बाबु लाल शर्मा ने अपने मोबाईल नम्बर से श्री पारसराम विश्नोई ग्राम विकास अधिकारी के कॉल किया तो फतेहनगर पहुचना बताया इत्यादि वार्ता की गई उक्त दोनो वार्ता को कार्यालय के डीवीआर में रिकॉर्ड किया गया था। जिसकी फर्द ट्रांसक्रिप्ट पृथक से मुर्तिब की जावेगी। पूर्व पाबंदशुदा ब्यूरो जाप्ता श्री ओमप्रकाश शर्मा सहायक उप निरीक्षक मय श्री प्रवीण सिंह कानि. मय सरकारी मोटरसाईकिल से कपासन ग्राम विकास अधिकारी के सरकारी आवास होने से भिजवाये गये थे जिनको मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा आरोपी श्री पारसराम विश्नोई ग्राम विकास अधिकारी का भोपालसागर से फतेह नगर जाने से पूर्व पांबद शुदा श्री ओमप्रकाश सउनि को हिदायत मुनासिब कि गई की उक्त सूचना के आधार पर आरोपी श्री पारसराम विश्नोई ग्राम विकास अधिकारी की तलाश कर ब्यूरो कार्यालय चित्तौड़गढ लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात मन् उप अधीक्षक पुलिस द्वारा आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा को रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 28.01.2026 एवं दिनांक 03.02.2026 एवं आज दिनांक 05.02.2026 को रिश्वत राशि लेन देन के वक्त हुई वार्ता को डीवीआर ऑन कर सुनाई गई तो आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा ने रिश्वत राशि मांग दिनांक 03.02.2026 एवं आज दिनांक 05.02.2026 को ग्रहण करने संबंधी तथ्यों की पुष्ठि की एवं स्वयं की एक आवाज होने की पहचान की तथा दिनांक 28.01.2026 की रिश्वत राशि मांगने संबंधी वार्ता में एक आवाज श्री पारसराम विश्नोई ग्राम विकास अधिकारी की होने की पुष्ठि की एवं परिवादी श्री नरेन्द्र कुमार दाधीच एवं आरोपी श्री बाबु लाल शर्मा रोजगार

